संघ लोक सेवा आयोग

नोटिस

सम्मिलित भू-वैज्ञानिक (प्रारंभिक) परीक्षा, 2024

दिनांक :-12th फरवरी, 2024

संघ लोक सेवा आयोग 18 फरवरी, 2024 (रविवार) को देशभर में सम्मिलित भू-वैज्ञानिक (प्रारंभिक) परीक्षा, 2024 का आयोजन करेगा। आयोग ने अपनी वेबसाइट (**http://upsconline.nic.in**) पर प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा के लिए ई-प्रवेश पत्र अपलोड किए हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट ले लें। इस ई-प्रवेश पत्र को सम्मिलित भू-वैज्ञानिक परीक्षा, 2024 के अंतिम परिणाम की घोषणा होने तक सुरक्षित रखा जाए। **इस परीक्षा के लिए कोई कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।**

2. उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट प्रस्तुत करना होगा। जो उम्मीदवार, आबंटित परीक्षा केन्द्र पर जांच हेतु अपना ई-प्रवेश पत्र प्रस्तुत नहीं करता है, उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवारों को परीक्षा के प्रत्येक सत्र में अपना वह फोटो पहचान पत्र भी साथ लाना होगा, जिसकी संख्या का उल्लेख ई-प्रवेश पत्र में किया गया है।

3. ई-प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, आयोग को तत्काल ई-मेल के माध्यम से (ई-मेल आईडी usgeol-upsc@nic.in पर) सूचित किया जाए, ताकि ऐसे मामले में निर्णय लिया जा सके।

4. **उम्मीदवारों को यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि उनके ई-प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा-स्थल के अलावा उन्हें किसी अन्य परीक्षा-स्थल पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

5. यदि ई-प्रवेश पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है, धुंधली है या उपलब्ध नहीं है, तो उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा स्थल पर दिए जाने वाले परिवचन (अंडरटेकिंग) पर चिपकाने के लिए **दो (2) समरूप फोटोग्राफ (प्रत्येक सत्र के लिए एक-एक फोटो)** साथ लाएं।

6. यह नोट कर लिया जाए कि पूर्वाह्न सत्र प्रातः 09:30 बजे से प्रातः 11:30 बजे तक तथा अपराह्न सत्र अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक आयोजित किया

जाएगा। परीक्षा-स्थल पर उम्मीदवारों का प्रवेश, परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले (प्रत्येक सत्र में) बंद कर दिया जाएगा। प्रवेश बंद होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा-स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

7. उम्मीदवारों को **काला बॉल पॉइंट पेन** साथ लेकर आने की सलाह दी जाती है क्योंकि उम्मीदवारों को ओएमआर उत्तर पुस्तिका में उत्तर अंकित करने और उपस्थिति सूची को भरने के लिए **काले बॉल प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करना होगा।

8. उम्मीदवारों को परीक्षा कक्ष/हॉल में सामान्य या साधारण कलाई घड़ी के इस्तेमाल की अनुमति है। तथापि, विशेष अक्सेसरी से युक्त घड़ियां, जिनका इस्तेमाल संचार उपकरण के रूप में किया जा सकता है या स्मार्ट/डिजिटल घड़ियां, पूर्णतया प्रतिबंधित हैं और उम्मीदवारों को परीक्षा कक्ष/हॉल में ऐसी घड़ियों को ले जाने की अनुमति नहीं है।

9. उम्मीदवारों को परीक्षा भवन परिसर में कोई भी मूल्यवान / कीमती सामान, मोबाइल फोन, स्मार्ट/डिजिटल वॉच, अन्य आईटी गैजेट, पुस्तकें, बैग आदि के साथ प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ प्रतिबंधित वस्तुएं न लाएं क्योंकि परीक्षा-स्थल पर्यवेक्षक इन वस्तुओं को परीक्षा-स्थल पर रखने का कोई प्रबंध नहीं करेंगे। यदि कोई उम्मीदवार ऐसी प्रतिबंधित वस्तुएं लाता है, तो वह उस वस्तु को परीक्षा-स्थल के बाहर रखने का प्रबंध स्वयं करेगा और इस संबंध में हुई किसी क्षति के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों को परीक्षा-स्थल में अपने साथ केवल ई-प्रवेश पत्र, पेन, पेंसिल, पहचान का प्रमाण, फोटोग्राफ (जो भी लागू हो) और ई-प्रवेश पत्र के अनुदेशों में यथाविनिर्दिष्ट अन्य वस्तुओं को लाने की अनुमति होगी। परीक्षा-स्थल के भीतर अन्य किसी वस्तु को साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

10. परीक्षा भवन परिसर में मोबाइल फोन तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक/अन्य संचार यंत्र या अन्य कोई आपत्तिजनक सामग्री (ई-प्रवेश पत्र, पेपर, रबड़ आदि में नोट्स बनाना) अपने पास रखने (स्विच ऑफ मोड में भी नही) / इनका इस्तेमाल करने या किसी अनुदेश का उल्लंघन करने पर अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें उम्मीदवार की उम्मीदवारी रदद् करना, उम्मीदवार के विरुद्ध एफआईआर/पुलिस शिकायत दर्ज करना, परीक्षा के आगामी सत्र (सत्रों) / दिन (दिनों) में प्रवेश पर प्रतिबंध आदि शामिल है। इसके अलावा आयोग, परीक्षा के नियमों में विहित प्रावधानों के अनुसार कोई अन्य समुचित कार्रवाई कर सकता है।

11. इस परीक्षा के प्रश्न-पत्रों में पूछे गए प्रश्नों से संबंधित अभ्यावेदन, यदि कोई हो, उम्मीदवारों द्‌वारा, आयोग को केवल “ऑनलाइन प्रश्न-पत्र अभ्यावेदन पोर्टल” [“Online Question Paper Representation Portal (QPRep)”] के यूआरएल https://upsconline.nic.in/miscellaneous/QPRep/ के माध्यम से 19 फरवरी, 2024 से 25 फरवरी, 2024 की अवधि के दौरान ही प्रस्तुत किए जा सकते हैं। ई-मेल/डाक/दस्ती रूप से या किसी अन्य माध्यम से प्राप्त कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा और आयोग इस संबंध में उम्मीदवारों के साथ कोई पत्राचार नहीं करेगा। दिनांक 25 फरवरी, 2024 को सांय 06.00 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में प्राप्त कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।